आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 13.10.2026 समय : 1905

<><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डिजिटल शक्ति को परिवर्तन का प्रमुख चालक बताया। उन्होंने कहा कि अब प्रौद्योगिकी, डेटा, ज्ञान और नवाचार बन गए हैं शक्ति के महत्वपूर्ण स्रोत।
- भारत में बिम्सटेक देशों के गृहमंत्रियों की पहली बैठक का आयोजन। गृहमंत्री ने कहा कि यह ऐतिहासिक बैठक आतंकवाद, नशीले पदार्थों, और साइबर खतरों से निपटने के साझा संकल्प का परिणाम।
- सांसद विष्णु पद रे उपराज्यपाल से वृद्धावस्था, विधवा, निराश्रित और दिव्यांगजन पेंशन–भत्तों में दोगुनी वृद्धि की मांग की।
- प्रशासनिक कारणों से आइलैंड कोकोनट फेस्टिवल–2026 की तिथियों में परिवर्तन किया गया।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने अपने शासन के दृष्टिकोण और कार्य संस्कृति में 'पावर टू एम्पॉवर' के सिद्धांत को अपनाया है। नई दिल्ली में 'ब्लूमबर्ग न्यू इकोनॉमी फोरम' को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि भारत की प्रगति सामूहिक विकास और साझा अवसरों पर टिकी हुई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान युग में डिजिटल शक्ति इस बदलाव के प्रमुख चालकों में से एक बनकर उभरी है। 21वीं सदी में प्रौद्योगिकी, डेटा, ज्ञान और नवाचार शक्ति के महत्वपूर्ण स्रोत बन गए हैं।

<><><><><><><><>

भारत, नई दिल्ली में बहुपक्षीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग के लिए बंगाल की खाड़ी क्षेत्र की पहल–बिम्सटेक संगठन के गृह मंत्रियों की पहली बैठक की मेजबानी कर रहा है। गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि यह ऐतिहासिक बैठक आतंकवाद, संगठित अपराधों, नशीले पदार्थों, तस्करी, अवैध वित्तीय प्रवाह तथा साइबर खतरों से निपटने के साझा संकल्प का परिणाम है।

<><><><><><><><>

भारत में इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या जून 2026 के अंत तक बढ़कर एक सौ ग्यारह करोड़ इकतालीस लाख से अधिक हो गई, जो मार्च 2026 के अंत में लगभग एक सौ नौ करोड़ 28 लाख थी। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की रिपोर्ट के अनुसार, कुल इंटरनेट ग्राहकों में 4 करोड़ 70 लाख से अधिक वायर्ड और लगभग 106 करोड़ चौसठ लाख वायरलेस ग्राहक शामिल हैं।

<><><><><><><><>

अंडमान–निकोबार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष टी एस जी भास्कर ने डेयरी फार्म से गराचरमा तक लगातार बढ़ रहे यातायात जाम की समस्या दूर करने के लिए उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से तत्काल ठोस कदम उठाने की मांग की है। अपने पत्र में उन्होंने वी आई पी रोड से गराचरमा तक फ्लाई ओवर निर्माण, सड़क चौड़ीकरण, भातूबस्ती और गराचरमा के लिए वैकल्पिक संपर्क मार्ग विकसित करने का सुझाव दिया है। उन्होंने हवाई अड्डे के निकास मार्ग पर जाम की समस्या दूर करने, एम्बुलेंस की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने, अवैध पार्किंग व अतिक्रमण हटाने तथा क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने की भी मांग की।

<><><><><><><><>

सांसद विष्णु पद रे ने उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से वृद्धावस्था, विधवा, निराश्रित और दिव्यांगजन पेंशन एवं भत्तों को ढाई हजार रुपये से बढ़ाकर 5,000 रुपये प्रतिमाह करने की अपील की है। उन्होंने पात्रता के लिए मासिक आय सीमा को भी 4,000 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये करने का अनुरोध किया है। सांसद ने कहा कि इन पेंशन एवं भत्तों में अंतिम वृद्धि अप्रैल 2018 में हुई थी। उन्होंने कहा बढ़ती महंगाई और द्वीपों में जीवनयापन की अधिक लागत को देखते हुए संशोधन आवश्यक है। वर्तमान में इन योजनाओं के उनतीस हजार दो सौ बयासी लाभार्थी हैं। सांसद ने उपराज्यपाल से प्रस्ताव पर प्राथमिकता के आधार पर विचार करने की अपील की है।

<><><><><><><><>

अंडमान–निकोबार प्रशासन के पर्यटन विभाग ने प्रशासनिक कारणों से प्रदर्शनी मैदान में आयोजित होने वाले आइलैंड कोकोनट फेस्टिवल–2026 की तिथियों में परिवर्तन किया है। अब इसका आयोजन 24 और 25 अक्टूबर को किया जाएगा। महोत्सव में नारियल से बने उत्पादों, पारंपरिक कला एवं हस्तशिल्प, चित्रों और रचनात्मक कृतियों की प्रदर्शनी लगाने के इच्छुक प्रतिभागी स्टॉल के लिए 22 अक्टूबर तक आवेदन कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए पर्यटन निदेशालय के प्रबंधक से मोबाइल नंबर 99–33–255–364 पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><><>

लिटिल अंडमान के पी एम श्री राजकीय मॉडल सीनियर सेकेन्डरी स्कूल हटबे में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय समावेशी खेल कूद प्रतियोगिता हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक प्रोजेक्ट कार्यालय, लिटिल अंडमान की ओर से समग्र शिक्षा के समावेशी शिक्षा कार्यक्रम के तहत किया गया। उद्घाटन समारोह में आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. समरेश डे मुख्य अतिथि तथा आई सी डी एस हटबे की मुख्य सेविका बी. अलबक्का विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों के मार्च पास्ट और शपथ ग्रहण समारोह से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतिभागियों को पदक प्रदान कर सम्मानित किया गया।

<><><><><><><><>

समग्र शिक्षा के तहत ब्लॉक प्रोजेक्ट कार्यालय, विम्बर्लीगंज द्वारा 15 और 16 अक्टूबर को ब्लॉक स्तरीय समावेशी वार्षिक एथलेटिक मीट 2026 का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय विम्बर्लीगंज के मिनी स्टेडियम में सुबह 9 बजे से शुरू होगी। इस आयोजन में विशेष आवश्यकता वाले लगभग 70 विद्यार्थियों के भाग लेने की संभावना है। इसका उद्देश्य बच्चों में खेल भावना, समावेशिता और शारीरिक विकास को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार प्रदूषण नियंत्रण समिति ने पूजा समितियों से मूर्ति विसर्जन संबंधी पर्यावरणीय नियमों का पालन करने की अपील की है। विसर्जन से पहले फूल, वस्त्र और सजावटी सामग्री अलग कर उनका उचित निस्तारण किया जाए। मूर्ति विसर्जन जिला प्रशासन की अनुमति से निर्धारित स्थलों पर ही किया जाना चाहिए। समिति ने पूजा उत्सव के दौरान सिंगल यूज़ प्लास्टिक से बचने और उत्सव को प्लास्टिक मुक्त बनाने की अपील की है।

<><><><><><><><>

चक्करगांव स्थित श्री साईं मंदिर में 20 अक्टूबर को श्री शिरडी साईं बाबा की विशेष पूजा का आयोजन किया जाएगा। सुबह साढ़े नौ बजे गणपति होमम एवं हवन, साढ़े ग्यारह बजे अभिषेक तथा दोपहर 12:30 बजे आरती होगी। श्री साईं बाबा भक्त मंडली ने सभी श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

<><><><><><><><>

ब्रिचगंज स्थित बफल रेंज में इक्कीस अक्टूबर को फायरिंग अभ्यास किया जाएगा। यह अभ्यास सुबह 9:30 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। आम नागरिकों से निर्धारित समय के दौरान आवश्यक सावधानी बरतने की अपील की गई है।

<><><><><><><><>